# बिहार राज्य में एलपीजी वितरकों की नियुक्ति के लिए सूचना

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) बिहार राज्य में वहां उल्लेखित विभिन्न श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों से नीचे वर्णित स्थानों पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत एलपीजी वितरकों की नियुक्ति का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है :

| क्र. सं. | तेल कम्पनी | स्थान | जिला | श्रेणी* | बाजार का प्रकार - शहरी (यू)/ शहरी-ग्रामीण (यूआर)/ ग्रामीण (आर) | प्रतिभूति जमा (रकम लाख में) | विपणन योजना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीपीसीएल | गया | गया | अजा | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 2 | बीपीसीएल | कटिहार | कटिहार | ओबीसी | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 3 | बीपीसीएल | फूलपरास | मधुबनी | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 4 | बीपीसीएल | बिहारशरीफ | नालंदा | अजा | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 5 | बीपीसीएल | राजेन्द्र नगर (पटना) | पटना | ओबीसी | यू | 5 | 2013-14 |
| 6 | बीपीसीएल | अनिशाबाद (पटना) | पटना | ओ | यू | 5 | 2013-14 |
| 7 | बीपीसीएल | डोरीगंज | सारण | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 8 | बीपीसीएल | रसूलपुर | सारण | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 9 | बीपीसीएल | आरा | भोजपुर | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 10 | बीपीसीएल | किशनगंज | किशनगंज | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 11 | बीपीसीएल | कुरशेला | कटिहार | ओ (जीपी) | यूआर | 2.5 | 2004-07 |
| 12 | बीपीसीएल | मोकामा | पटना | अजा | यूआर | 2.5 | 1999-00 |
| 13 | एचपीसीएल | बाँका | बाँका | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 14 | एचपीसीएल | भागलपुर | भागलपुर | ओबीसी | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 15 | एचपीसीएल | बेतिया-1 | चम्पारण-पश्चिम | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 16 | एचपीसीएल | कादरीगंज | नवादा | अजा | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 17 | एचपीसीएल | लाइन बाजार | गोपालगंज | ओबीसी | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 18 | एचपीसीएल | मुजफ्फरपुर | मुजफ्फरपुर | ओ (जीपी) | यू | 5 | 2013-14 |
| 19 | एचपीसीएल | जमालपुर | मुंगेर | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 20 | एचपीसीएल | कैमूर | कैमूर (भभुआ) | अजा | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 21 | एचपीसीएल | बेतिया-2 | चम्पारण-पश्चिम | ओबीसी | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 22 | एचपीसीएल | गोरौल | वैशाली | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 23 | एचपीसीएल | मुजफ्फरपुर | मुजफ्फरपुर | ओ | यू | 5 | 2011-12 |
| 24 | एचपीसीएल | सीवान | सीवान | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 25 | आईओसीएल | गजराजगंज | भोजपुर | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 26 | आईओसीएल | अनवारपुर चौक (हाजीपुर) | वैशाली | अजा | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 27 | आईओसीएल | पासवान चौक (हाजीपुर) | वैशाली | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 28 | आईओसीएल | मखदुमपुर | जहानाबाद | ओ (सीसी) | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 29 | आईओसीएल | बरुराज | मुजफ्फरपुर | ओबीसी (जीपी) | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 30 | आईओसीएल | जनार | मुजफ्फरपुर | अजा (जीपी) | आर | 2.5 | 2013-14 |
| 31 | आईओसीएल | सोनपुर | सारण | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 32 | आईओसीएल | दिघवाड़ा | सारण | ओबीसी | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 33 | आईओसीएल | सोहसराय (बिहारशरीफ) | नालंदा | अजा | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 34 | आईओसीएल | सिमरी | बक्सर | ओ | आर | 2.5 | 2004-07 |
| 35 | आईओसीएल | बक्सर | बक्सर | ओ | यू | 5 | आउटसाइड |
| 36 | आईओसीएल | जहानाबाद | जहानाबाद | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 37 | आईओसीएल | मुजफ्फरपुर | मुजफ्फरपुर | ओ | यू | 5 | 2008-10 |
| 38 | आईओसीएल | बख्तियारपुर | पटना | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 39 | आईओसीएल | बोरिंग रोड | पटना | ओ | यू | 5 | 2011-12 |
| 40 | आईओसीएल | कुरजी | पटना | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 41 | आईओसीएल | सिपारा | पटना | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 42 | आईओसीएल | छपरा | सारण | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 43 | आईओसीएल | नरकटियागंज | चम्पारण-पश्चिम | अजा | यू | 5 | आउटसाइड |
| 44 | आईओसीएल | ऊर्दू बाजार (दरभंगा) | दरभंगा | ओबीसी | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 45 | आईओसीएल | कबीर चक (दरभंगा) | दरभंगा | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 46 | आईओसीएल | जमुई | जमुई | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 47 | आईओसीएल | समस्तीपुर | समस्तीपुर | ओ | यूआर | 2.5 | 2013-14 |
| 48 | आईओसीएल | सबौर | भागलपुर | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 49 | आईओसीएल | दरभंगा | दरभंगा | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 50 | आईओसीएल | झंझारपुर | मधुबनी | ओ | यूआर | 2.5 | 2011-12 |
| 51 | आईओसीएल | अमौर डेवलपमेंट ब्लॉक | पूर्णिया | ओ | आर | 2.5 | 1999-00 |

*** शब्दावलियों का प्रयोग निम्नानुसार किया गया है :-**

**ओ** - खुली श्रेणी। **अजा/अजजा** - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी। **ओबीसी** - अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी। **ओ (जीपी)** - सरकारी कर्मचारी श्रेणी जिसमें रक्षा कर्मी, केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केंद्र/राज्य पीएसयू के कर्मचारी सम्मिलित हैं, खुली श्रेणी से संबंधित। **ओ (सीसी)** - संयुक्त श्रेणी जिसमें शारीरिक रूप से विकलांग (पीएच), उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) तथा स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ), खुली श्रेणी से संबंधित। **अजा/अजजा (जीपी)** - सरकारी कर्मचारी श्रेणी जिसमें रक्षा कर्मी, केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केंद्र/राज्य पीएसयू के कर्मचारी सम्मिलित हैं, अजा/अजजा श्रेणी से संबंधित। **अजा/अजजा (सीसी)** - संयुक्त श्रेणी जिसमें शारीरिक रूप से विकलांग (पीएच), उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) तथा स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ), अजा/अजजा श्रेणी से संबंधित। **ओबीसी (जीपी)** - सरकारी कर्मचारी श्रेणी जिसमें रक्षा कर्मी, केंद्र/राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केंद्र/राज्य पीएसयू के कर्मचारी सम्मिलित हैं, ओबीसी श्रेणी से संबंधित। **ओबीसी (सीसी)** - संयुक्त श्रेणी जिसमें शारीरिक रूप से विकलांग (पीएच), उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) तथा स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ), ओबीसी श्रेणी से संबंधित।

**1. व्यक्ति विशेष तथा गैर-व्यक्तिगत एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं**

व्यक्ति विशेष आवेदक के मामले में, नियुक्ति होने पर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप संयुक्त रूप से आवेदक तथा उनके पति/पत्नी के नामों पर हो जाएगा (यानी पत्नी/पति सह-मालिक हो जाएंगे)। अगर, आवेदक अविवाहित/तलाकशुदा/विधवा/विधुर हैं, तो इस आशय का एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा कि विवाह/पुनर्विवाह के उपरांत उनके पति/पत्नी को सह-मालिक बनाया जाएगा। सह-मालिक का अर्थ होगा उम्र, योग्यता तथा रोजगार चाहे कुछ भी हो पति/पत्नी को 50 प्रतिशत भागीदार बनाना होगा। व्यक्ति विशेष आवेदकों को अपने पति/पत्नी के अलावा अन्य किसी के साथ साझेदारी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

गैर-व्यक्तिगत आवदेक का अर्थ है सरकारी निकाय/एजेंसियां, संगठित निकाय, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटिज, संबंधित राज्य सरकार के चैरिटी कमिशनर के साथ पंजीकृत चैरिटेबल ट्रस्ट, कंपनी कानून, 1956 के अंतर्गत गठित कंपनियाँ।

2. एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर के लिए चयन सभी योग्य आवेदकों के बीच ड्रॉ के जरिए निर्धारित किया जाएगा। पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले सभी आवेदक ड्रॉ द्वारा योग्य होंगे।

**3. एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के परिचालन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं**

**क. सिलिंडरों में एलपीजी के भंडारण के लिए गोदाम**

सिलिंडरों में 8000 किग्रा एलपीजी के भंडारण के लिए एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर को चीफ कंट्रोलर ऑफ एक्सप्लोसिव्स ऑफ पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (पीईएसओ) द्वारा भलीभांति अनुमोदित एवं लाइसेंस प्राप्त एक भंडारण गोदाम की आवश्यकता होगी। आवेदक के पास स्वामित्व होना चाहिए :

सिलिंडरों में 8000 किग्रा एलपीजी के भंडारण के लिए एलपीजी गोदाम के निर्माण के लिए न्यूनतम 25 मी x 30 मी परिमाप (उसी राज्य में प्रस्तावित स्थान की नगरपालिका/नगर/ग्राम सीमाओं से 15 किमी के अंदर) की जमीन। गोदाम के निर्माण के लिए जमीन के 25 मी x 30 मी के न्यूनतम परिमाप के परिपूर्ण नहीं किए जाने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

अथवा

8000 किग्रा क्षमता के एक तैयार एलपीजी सिलिंडर भंडारण गोदाम (उसी राज्य में प्रस्तावित स्थान की नगरपालिका/नगर/ग्राम सीमाओं से 15 किमी के अंदर)।

**ख. शोरूम**

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए विज्ञप्ति में निर्धारित स्थल अथवा विज्ञापित स्थान पर अवस्थित जमीन/एक दूकान में मानक लेआउट के अनुसार न्यूनतम 3 मीटर बाई 4.5 मीटर परिमाप का एक शोरूम का निर्माण करना होगा एवं वह स्थान एक समुचित एप्रोच सड़क के जरिए साधारण नागरिक आसानी से पहुंच के योग्य होना चाहिए।

4. पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी, एलपीजी गोदाम की जमीन/एलपीजी गोदाम, शोरूम, सिलिंडर के डेलीवेरी के लिए पर्याप्त साधन/ढांचा इत्यादि से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश के साथ चयन की प्रक्रिया का ब्यौरा विवरण पुस्तिका में उल्लेखित है, जिसे ₹ 50/- का भुगतान कर नीचे **पैरा 9** में उल्लेखित पते से व्यक्तिगत रूप से संग्रह किया जा सकता है। इसे निःशुल्क आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल की वेबसाइटों : www.iocl.com, www.ebharatgas.com, www.bharatpetroleum.in एवं www.hindustanpetroleum.com से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

5. विवरण पुस्तिका के साथ आवेदन का प्रारूप **नीचे उल्लेखित पैरा 9** में वर्णित पते से व्यक्तिगत रूप से संग्रह किया जा सकता है। इसे तेल कंपनियों की वेबसाइट पर भी जारी किया जाएगा तथा उसे निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

6. पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले सभी व्यक्तिगत प्रारूप के अनुसार आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन सादे कागज पर विशेष कर निर्धारित प्रारूप में टाइप कर अथवा स्पष्ट हस्तलेखन द्वारा जमा किया जाना चाहिए।

7. एक उम्मीदवार द्वारा विभिन्न स्थानों के लिए आवेदन किया जा सकता है, इस तरह के मामले में प्रत्येक क्षेत्र में लागू आवेदन शुल्क के साथ प्रत्येक स्थान के संबंध में अलग-अलग आवेदन प्रपत्र जमा करना होगा।

8. आवेदन के साथ ₹ 1000/- (रुपये एक हजार मात्र) का अप्रतिदेय शुल्क जमा करना होगा तथा अजा/अजजा उम्मीदवारों के मामले में (अजा/अजजा प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना चाहिए) ₹ 500/- (रुपये पांच सौ) जमा करना होगा।

9. एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन साथ में सभी पहलुओं में परिपूर्ण संलग्निकाएं तथा किसी भी अनुसूचित बैंक द्वारा आहरित डिमांड ड्राफ्ट/पीओ के रूप में अप्रतिदेय आवेदन शुल्क जमा किया जाना चाहिए, जिसे दिनांक **07.10.2013** को कार्यालय के बंद होने से पहले नीचे उल्लेखित पते पर स्थित कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए।

| विज्ञापित स्थान क्रमांक से | विज्ञापित स्थान क्रमांक तक | निम्न के पक्ष में किसी भी अनुसूचित बैंक द्वारा आहरित डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर | भुगतान स्थल | आवेदन के साथ संलग्निकाएं एवं आवेदन शुल्क जमा करने के लिए कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | पटना | बीपीसी एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर सेलेक्शन सेल, स्टेट को-ऑर्डिनेटर कार्यालय, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, आशियाना चेम्बर (तीसरी मंजिल), एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार - 800001, |
| 13 | 24 | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | पटना | वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पटना एलपीजी क्षेत्रीय कार्यालय, 6ठवीं मंजिल, लोक नायक जय प्रकाश भवन, डाक बंगला चौक, पटना-800001 |
| 25 | 43 | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मार्केटिंग डिविजन) | पटना | इण्डेन क्षेत्रीय कार्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मार्केटिंग डिविजन), शाही भवन, पहली मंजिल, एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार - 800001 |
| 44 | 51 | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मार्केटिंग डिविजन) | बेगूसराय | इण्डेन क्षेत्रीय कार्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मार्केटिंग डिविजन), डाकघर-बरौनी ऑयल रिफाइनरी, जिला-बेगूसराय, बिहार - 851114 |

**10. शिकायत/अभियोग निवारण प्रणाली**

एक आवेदन के खिलाफ प्राप्त किसी भी शिकायतों का निवारण निम्नानुसार किया जाएगा :-

क. शिकायतकर्ता को शिकायत के साथ संबंधित ओएमसी के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से शिकायत शुल्क के रूप में ₹ 1000/- जमा करना होगा। शिकायतों के साथ ₹ 1000/- संलग्न नहीं रहने पर उसकी जांच नहीं की जाएगी।

ख. बेनाम शिकायतों की जांच साधारणतः नहीं की जाएगी।

ग. आवेदक के ड्रॉ में चुने जाने पर ही उसके आवेदन के खिलाफ प्राप्त शिकायतों की जांच की जाएगी।

घ. ड्रॉ के परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिनों के अंदर ओएमसी के कार्यालय में प्राप्त शिकायतों पर ही विचार किया जाएगा।

ड़. ड्रॉ के परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिनों के अंदर चुने गए उम्मीदवार के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर उसकी जांच की जाएगी एवं समुचित कार्रवाई की जाएगी।

**11. साधारण**

क. बिना कोई कारण बताए अपनी एक ईच्छानुसार कंपनी के पास इस विज्ञापन को रद्द करने/वापस लेने/संशोधित करने अथवा खुलने की निर्धारित तारीख को विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित है।

ख. आवेदक एक स्थान के लिए सिर्फ एक आवेदन जमा कर सकते हैं। एक व्यक्ति विशेष की ओर से अगर एक से अधिक आवेदन प्राप्त होता है, तो उसे एक साथ मिला दिया जाएगा एवं उसे एक आवेदन माना जाएगा तथा अन्य सभी आवेदनों के आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

ग. आवेदक को संलग्न हलफनामा के साथ आवेदन के सभी पृष्ठों पर नम्बर लिखना होगा एवं प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना होगा। **आवेदन के साथ सभी हलफनामा/घोषणा की मूल प्रति जमा करनी होगी।**

घ. केवल आवेदन के प्रारूप में मांगे गए दस्तावेज को ही आवेदन के साथ जमा किया जाना चाहिए। आवेदन के साथ संलग्न अन्य किसी भी अतिरिक्त दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा।

ड़. डाक विलम्बता के साथ जमा देने की अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस तरह के मामले में संबंधित तेल कंपनी द्वारा कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।

च. 'खुली' श्रेणी के अंतर्गत विज्ञापित स्थानों को छोड़कर, आवेदन के साथ अन्य श्रेणियों के लिए पात्रता के प्रमाणपत्र जमा करना आवश्यक होगा। यद्यपि, रक्षा कार्मिक श्रेणी के अधीन आवेदन करने वाले आवदकों के पास लॉटों के ड्रॉ होने की दिन डीजीआर से प्राप्त मूल प्रमाणपत्र जमा करने का भी विकल्प है।

छ. आवेदन में उल्लेखित किसी भी विवरण अथवा उसके संलग्न दस्तावेज अथवा आवेदन के अनुरूप बाद में जमा किए गए दस्तावेज के किसी भी चरण में गुप्त/गलत तरीके से प्रस्तुत/असत्य अथवा झूठा पाए जाने पर, जो पात्रता की शर्त को प्रभावित करते हैं, उम्मीदवारी एवं आवेदन को बिना कोई कारण बताए रद्द कर दिया जाएगा एवं अगर आवेदक के डिस्ट्रिब्यूटर के रूप में नियुक्ति होने पर उनका डिस्ट्रीब्यूटरशिप रद्द कर दिया जाएगा। इस तरह के मामले में उम्मीदवार/डिस्ट्रिब्यूटर संबंधित तेल कंपनी के खिलाफ किसी भी तरह का दावा नहीं कर पाएंगे।

ज. अनुशंसा के फील्ड जांच (एफवीसी) किए जाने से पहले चुने गए उम्मीदवार को संबंधित तेल कंपनी के पास लागू ₹ 25,000/- अथवा ₹ 50,000/-की रकम जमा करना होगा। चुने गए उम्मीदवार द्वारा उक्त रकम जमा करने में विफल होने पर उनके चयन को रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन में गलत/असत्य/हेरफेर जानकारी दिए जाने पर एफवीसी से पहले चुने गए उम्मीदवार द्वारा जमा की रकम जब्त किए जाने के साथ उम्मीदवार का चयन रद्द कर दिया जाएगा।

झ. आवेदकों को आवेदन प्रपत्र में उल्लेखित विभिन्न मदों के तहत मांगी गयी सभी सूचनाएं प्रदान करनी होगी। चयन होने पर, जांच के समय, आवेदक को आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई सूचना के समर्थन में सभी दस्तावेज की मूल प्रति जमा करनी होगी। जांच के समय इन दस्तावेज की मूल प्रति प्रस्तुत करने में विफल होने पर अनुशंसा के फील्ड जांच (एफवीसी) से पहले चुने गए उम्मीदवार द्वारा जमा की गई रकम जब्त किए जाने के साथ उनके चयन को रद्द कर दिया जाएगा।

ञ. पूरे तरह से भरे हुए आवेदन वाले लिफाफे के आवरण पर निम्न अंकित होना चाहिए ''यह आवेदन ...................... ............ (स्थान) पर ............................ (तेल कंपनी का नाम) के एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर के लिए आवेदन है।''

त. यह शुद्ध रूप से एक व्यवसायिक प्रस्ताव है एवं संबंधित तेल कंपनी में नौकरी के लिए आवेदन नहीं है तथा इसमें सामान्य व्यवसायिक जोखिम है एवं किसी भी तरह की सुनिश्चित वापसी अथवा लाभ की भी कोई गारंटी नहीं है।

थ. यह मात्र एक आवेदन है तथा एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए कोई ऑफर नहीं।

43 cm x 24.7 cm (6 col.)